भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 107

(जिसका उत्तर सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)

छत्तीसगढ़ में पीएमआईएस का कार्यान्वयन

107. श्री चिन्तामणि महाराज:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा कारपोरेट क्षेत्र में कौशल अंतर को पाटने के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, 2024 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए छत्तीसगढ़ में प्राप्त आवेदनों और चयनित आवेदकों की संख्या कितनी है;
(ग) उन कंपनियों का ब्यौरा क्या है जिनमें चयनित आवेदकों को इंटर्नशिप प्रदान की जा रही है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): बजट 2024-25 में घोषित प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य शीर्ष 500 कंपनियों में पांच साल में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना की एक पायलट परियोजना शुरू की है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं को अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को पाटकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के इरादे से विभिन्न व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक जीवन के माहौल में प्रशिक्षण प्राप्त करने और अनुभव और कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

(ख) और (ग): योजना की पायलट परियोजना में छत्तीसगढ़ राज्य में कंपनियों द्वारा कुल 3326 इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए हैं। इन इंटर्नशिप अवसरों के लिए कुल 12789 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज की तारीख में, चयन प्रक्रिया जारी है।

******